अमर उजाला 19/11/2025

# गीता का ज्ञान जीवन का पथ प्रदर्शन : डॉ. रोहित दत्त

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में गीता जयंती के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता कराई गई।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भगवद्गीता के नैतिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक संदेश के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें भारतीय मूल्य प्रणाली और सकारात्मक सोच से जोड़ना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गीता का ज्ञान सदैव जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस प्रकार के आयोजन छात्रों के बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका बल्दिया ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायी श्लोक प्रस्तुत किया, जो अन्न की शुद्धि, मन की शुद्धि और कृतज्ञता के भाव का संदेश देता है। इसी तरह कॉलेज में शिविर का आयोजन किया गया। संवाद